भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4897

(सोमवार, 23 मार्च, 2026/2 चैत्र, 1948 (शक) को उत्तर के लिए)

मध्य प्रदेश में पीएम इंटर्नशिप योजना

4897. श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहानः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश के युवाओं को उद्योग में व्यावहारिक अनुभव और रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का कार्यान्वयन कर रही है;
(ख) यदि हां, तो मध्य प्रदेश में इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) मध्य प्रदेश में, और विशेषकर रतलाम-झाबुआ-अलीराजपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में इंटर्नशिप योजनाओं की कुल संख्या कितनी है और अब तक इंटर्नशिप के अवसर पाने वाले युवाओं की संख्या का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या उक्त योजना के अंतर्गत इंटर्नशिप अवधि के दौरान वजीफा (स्टाइपेंड), प्रशिक्षण और बीमा जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कोई विशेष जागरूकता अभियान या कौशल उन्नयन कार्यक्रम आयोजित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने मध्य प्रदेश सहित पूरे देश के युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए 3 अक्टूबर, 2024 को योजना के एक पायलट परियोजना का आरम्भ किया है। मंत्रालय ने अब तक पायलट परियोजना के दो चरण क्रियान्वित कर लिए हैं और तीसरे चरण को लागू करने की प्रक्रिया में है, जिसके संबंध में दिनांक 12.03.2026 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से संशोधित दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

(ग): मध्य प्रदेश में साझेदार कंपनियों द्वारा युवाओं को दिए गए इंटर्नशिप प्रस्तावों का प्रथम और द्वितीय दोनों चरणों का जिलावार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है। इसका संसदीय निर्वाचन क्षेत्रवार डाटा नहीं रखा जाता है।

(घ): प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की पायलट परियोजना युवाओं को विभिन्न व्यवसायों या संगठनों के वास्तविक जीवन के वातावरण में प्रशिक्षण प्राप्त करने, अनुभव और कौशल अर्जित करने का अवसर प्रदान करती है, जिसका उद्देश्य अकादमिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के अंतराल को कम कर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है।

पीएमआईएस के पायलट प्रोजेक्ट के तहत, इंटर्न को दी जाने वाली मासिक सहायता राशि मार्च 2026 से 5000 रुपये से बढ़ाकर 9000 रुपये कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, आकस्मिक खर्चों के लिए 6000 रुपये का एकमुश्त अनुदान भी दिया जाता है। साथ ही, प्रत्येक इंटर्न को जीवन और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा प्रदान किया जा रहा है, जिसका प्रीमियम सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

(ङ): मंत्रालय ने योजना के कार्यान्वयन और प्रचार के लिए राज्य सरकारों, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग संघों के साथ सक्रिय सहयोग करते हुए योजना में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। कार्यक्रम की दृश्यता बढ़ाने और विभिन्न लक्षित समूहों तक पहुंचने के लिए कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रचार अभियानों सहित शिक्षा एवं संचार जैसे कार्यकलाप ऑनलाईन एवं वास्तविक धरातल पर दोनों माध्यमों से चलाए जा रहे हैं। ये अभियान मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित पूरे देश में चलाए जा रहे हैं।

*****

अनुलग्नक I

दिनांक 23.03.2026 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4897 के भाग (ग) का अनुलग्नक I

मध्य प्रदेश में चरण I और चरण II दोनों के लिए साझेदार कंपनियों द्वारा युवाओं को दिए गए इंटर्नशिप प्रस्ताव का ज़िलावार विवरण।

क्र.सं.	जिला	चरण I में दिए गए कुल प्रस्ताव	चरण II में दिए गए कुल प्रस्ताव
1	आगर मालवा	17	55
2	अलीराजपुर	25	59
3	अनूपपुर	48	198
4	अशोकनगर	57	72
5	बालाघाट	280	321
6	बड़वानी	23	259
7	बेतुल	129	279
8	भिंड	82	205
9	भोपाल	343	177
10	बुरहानपुर	41	41
11	छतरपुर	73	216
12	छिंदवाड़ा	153	287
13	दमोह	58	114
14	दतिया	19	121
15	देवास	48	145
16	धार	71	296
17	डिंडोरी	13	130
18	पूर्वी निमाड़	267	170
19	गुना	191	182
20	ग्वालियर	281	155
21	हरदा	35	110
22	इंदौर	259	334
23	जबलपुर	341	376
24	झाबुआ	79	77
25	कटनी	60	87
26	खरगोन	261	264
27	मैहर	40	72
28	मंडला	15	146
29	मन्दसौर	144	138
30	मऊगंज	25	37
31	मुरैना	101	244
32	नर्मदापुरम	670	158
33	नरसिंहपुर	308	203

क्र.सं.	जिला	चरण I में दिए गए कुल प्रस्ताव	चरण II में दिए गए कुल प्रस्ताव
34	नीमच	24	106
35	निवाड़ी	10	76
36	पंधुरना	43	57
37	पन्ना	55	150
38	रायसेन	71	178
39	राजगढ़	57	179
40	रतलाम	42	126
41	रीवा	158	226
42	सागर	105	182
43	सतना	153	220
44	सीहोर	95	302
45	सिवनी	64	141
46	शाहडोल	63	122
47	शाजापुर	41	64
48	श्योपुर	18	62
49	शिवपुरी	59	191
50	सीधी	64	174
51	सिंगरौली	292	443
52	टीकमगढ़	26	115
53	उज्जैन	148	252
54	उमरिया	44	90
55	विदिशा	55	146
	कुल योग	6244	9330

*****